प्रेस नोट

दिनांक 23.07.2025

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा रिक्रूट आरक्षियों के साथ सैनिक सम्मेलन संपन्न।

आज दिनांक 23.07.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा पुलिस लाइन हमीरपुर परेड ग्राउंड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों से संवाद कर उनकी समस्याएं, आवश्यकताएं एवं सुझाव सुने। उन्होंने जवानों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने प्रशिक्षण को पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया,जवानों को पुलिस सेवा के दायित्वों, कर्तव्यों एवं व्यवहारिक चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल शारीरिक दक्षता ही नहीं, बल्कि मानसिक एवं नैतिक रूप से भी एक आदर्श पुलिसकर्मी का निर्माण करना है। सैनिक सम्मेलन के दौरान रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण व्यवस्था व समस्याओं के समाधान हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया गया।

इस कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स, मुख्य आरक्षी प्रशिक्षक सहित अन्य प्रशिक्षण स्टाफ उपस्थित रहे।